डॉ॰ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक: COE/......35......../2024 दिनांक: ..20/01.../2024

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक,

समस्त राजकीय/अनुदानित/स्ववित्तपोषित सम्बद्ध महाविद्यालय,

डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।

विषय: स्नातक एवं परास्नातक प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर दिसम्बर 2023 की परीक्षाओं को सी0सी0टी0वी0 कैमरे के माध्यम से निगरानी रखने हेतु लॉग इन आई0डी0 एवं पासवर्ड उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक स्तर के बी॰ए॰, बी॰एस॰सी॰, बी॰कॉम॰ विषम (Odd) प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर तथा परास्नातक स्तर एम॰ए॰, एम॰कॉम॰, एम॰एस॰सी॰, प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर दिसम्बर–2023 की परीक्षाएं दिनांक 24.01.2024 से प्रारम्भ होने जा रही है, जिसमें समस्त राजकीय/अनुदानित/स्ववित्तपोषित सम्बद्ध महाविद्यालयों के सी0सी0टी0वी0 कैमरो का डाटा निम्न गूगल फॉर्म के माध्यम से उपलब्ध कराया जाना अतिआवश्यक है।

अतः आपसे अनुरोध है कि दिनांक 23.01.2024 अपराह्न 03:00 बजे तक सी0सी0टी0वी0 कैमरो की सूचनाएं निम्न गूगल फॉर्म के माध्यम से उपलब्ध करायें।

Link: https://forms.gle/Vqf6tPbaJYjapyzm7

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक नोडल परीक्षा केन्द्र को इस आशय से प्रेषित कि वह अपने स्तर से भी सम्बद्ध परीक्षा केन्द्रों को सूचित करने का कष्ट करें।
2. समिति के सदस्यगण, सी0सी0टी0वी0 कन्ट्रोल रूम।
3. अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय।
4. अधीक्षक, कुलपति सचिवालय, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
5. उपकुलसचिव, परीक्षा/गोपनीय।
6. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
7. अधिकृत एजेन्सी 2023 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को सम्बन्धित महाविद्यालयों की लॉगिन आई0डी0 पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
8. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक